# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 13.06.2025 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी,, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, टी0पी0आई0, मेसर्स वेलस्पन, मेसर्स जी0ए0 के प्रोजेक्ट मैनेजर, से संबंधित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश निम्नवत् है :–

**बिन्दु संख्या 01 –**

मेसर्स वेलस्पन द्वारा जनपद में निर्मित किये जा रहे शिरोपरि जलाशयों की प्रतिशतवार प्रगति जो कि 0–25 प्रतिशत में समस्त छः विकास खण्ड अन्तर्गत 70 संख्या है में समीक्षा की गयी। जिसमें मेसर्स वेलस्पन द्वारा अधिकांशतः पी0सी0सी0 एवं राफ्ट के कार्य प्रारम्भ किये गये थे , इसके अतिरिक्त अधिकांश पर केवल शिरोपरि जलाशय के निर्माण हेतु गडढा खोदा जा चुका है , यह अवगत कराया गया। जिस पर रोष व्यक्त करते हुये कहा गया कि यह प्रगति नगण्य के समान है।

अतः उक्त प्रगति के क्रम में मेसर्स वेलस्पन को प्रगति बढाये जाने हेतु श्रमिकों की संख्या बढाते हुये सप्ताहन्तर्गत जिन शिरोपरि जलाशयों पर पी0सी0सी0 एवं राफ्ट के कार्य पूर्ण कर लिये गये है , वह सभी स्टील बाइन्ड करते हुये जी0एल0 लेविल तक पूर्ण कर लिये जाये एवं जिन पर गडढे खोदे गये है वह सब शिरोपरि जलाशयों को पी0सी0सी0 एवं राफ्ट के कार्य पूर्ण कर लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं आगामी प्रस्तावित बैठक में प्रगति के साथ परियोजना प्रबन्धक मेसर्स वेलस्पन को उपस्थित होने निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही :– नामित एजेन्सी मेसर्स वेलस्पन**

**बिन्दु संख्या 02 :–**

समीक्षा में मेसर्स वेलस्पन के समस्त छः विकास खण्ड अन्तर्गत 23 नग शिरोपरि जलाशय के "कार्य प्रारम्भ नही हुये है" को अवगत कराया गया। जिस पर निर्देश दिये गये कि 23 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ करते हुये आगामी प्रस्तावित बैठक में प्रगति के साथ परियोजना प्रबन्धक मेसर्स वेलस्पन अवगत कराना सुनिशिचित करें।

**कार्यवाही :– नामित एजेन्सी मेसर्स वेलस्पन**

**बिन्दु संख्या 03 :–**

मेसर्स वेलस्पन के 75–100 प्रतिशत शिरोपरि जलाशयों की प्रगति के सम्बन्ध में परियोजना प्रबन्धक मेसर्स वेलस्पन द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त 07 शिरोपरि जलाशयों को माह जून में पूर्ण कर लिया जायेगा।

उक्त में अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि माह जून के पश्चात समस्त 07 शिरोपरि जलाशयों के पूर्ण होने की प्रगति से अवगत करायें।

**कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता जल निगम**

**बिन्दु संख्या 04 :–**

मेसर्स वेलस्पन एवं जी0ए0इन्फ्रा द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने अन्तर्गत काटी गयी सड़कों /मार्गो की विकास खण्डवार सूचना प्रस्तुत की गयी, जिस पर निर्देश दिये गये कि मुख्य विकास अधिकारी महोदय से पत्र के माध्यम से समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उक्त प्रस्तुत काटी गयी/निर्मित की गयी मार्गो की सूची उपलब्ध कराते हुये सत्यापन कराना सुनिशिचित करें। इसके साथ ही उक्त सत्यापन रिपोर्ट आगामी प्रस्तावित बैठक में स्वयं लेकर उपस्थित होना सुनिशिचित करें।

**कार्यवाही :– मुख्य विकास अधिकारी/समस्त खण्ड विकास अधिकारी**

**बिन्दु संख्या 05 :–**

समीक्षा बैठक में मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा द्वारा निर्मित 109 शिरोपरि जलाशयों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिस पर निर्देश दिये गये कि निर्मित शिरोपरि जलाशयों की संख्या अनुरूप ग्राम पंचायत /राजस्व ग्रामवार "हर घर जल" सत्यापित कराना सुनिशिचित करें एवं आगामी प्रस्तावित बैठक में "हर घर जल" सत्यापन रिपोर्ट निर्मित शिरोपरि जलाशयों की संख्या के अनुरूप ग्राम पंचायत /राजस्व ग्राम वार प्रस्तुत करें।

**कार्यवाही :– जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0/सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर जल निगम ग्रामीण**

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अनिवार्य रूप से 03 दिन के भीतर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिशिचित करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।

## कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 1403/ कार्य-33 / 07 दिनांक 20-6-2025

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. समस्त खण्ड विकास अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिशिचित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक दशा में 03 के भीतर प्रस्तुत करें।

19/06/25

(जिलाधिकारी)
भदोही।

Scanned with OKEN Scanner